# <u>कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा जून २०२३ माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य</u>

**I. चयन और नियुक्तियों का सारांश**

i. जून माह, 2023 के दौरान, पीईएसबी, डीओपीटी द्वारा 10 (दस) चयन बैठकें (सीएमडी के लिए 03 और निदेशकों के लिए 07) आयोजित की गईं।

ii. मंत्रिमण्डल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विभिन्न अनुसूची क और ख सीपीएसई में 21 मामलों (अर्थात एमडी/सीईओ/कार्यात्मक निदेशक) में नियुक्तियों को मंजूरी दी। वर्तमान में, विभिन्न अनुसूची 'क' और 'ख' सीपीएसई में सीएमडी/एमडी/अध्यक्ष के कुल 52 पद और कार्यात्मक निदेशकों के 85 पद रिक्त हैं। विभिन्न न्यायाधिकरणों/वैधानिक निकायों/प्राधिकरणों/आयोगों में 32 अध्यक्षों/सदस्यों की नियुक्तियों को एसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया है। मंत्रिमण्डल सचिव/एसीसी ने एक्सटेंशन (08), समयपूर्व प्रत्यावर्तन (03), पुन: पदनामन (02), पीएस/ओएसडी के रूप में नियुक्ति (03), विदेशी/कैप्टिव पद पर नियुक्ति (12), विदेश में नियुक्ति/समनुदेशन के (02) प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, विदेशी/कैप्टिव पद (02) के विस्तार के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

iii. संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में श्री विद्युत बिहारी स्वैन की नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना दिनांक 08.06.2023 भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई।

iv. राजस्थान (16), महाराष्ट्र (17), मध्य प्रदेश (27), असम (11) और पश्चिम बंगाल (27) राज्य कैडरों से आईएएस में पदोन्नति द्वारा कुल 98 नियुक्तियाँ अधिसूचित की गईं।

v. असम (11), मध्य प्रदेश (17), ओडिशा (01) और नागालैंड (02) की राज्य सिविल सेवा से आईएएस में नियुक्त 31 अधिकारियों की वरिष्ठता/आवंटन वर्ष के निर्धारण/पुनर्निर्धारण के आदेश जारी किए गए।

**<u>अन्य</u>**

i. रिपोर्टिंग/समीक्षा/स्वीकारकर्ता अधिकारियों द्वारा एआईएस अधिकारियों के संबंध में वर्ष 2022-23 के लिए पीएआर की रिकॉर्डिंग की समयसीमा दिनांक 15 जून, 2023 के पत्र के माध्यम से एक महीने के लिए बढ़ा दी गई है ।

ii. अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों द्वारा सरकारी निकायों/निजी संगठनों से पुरस्कार स्वीकार करने संबंधी दिशा-निर्देश दिनांक 22 जून, 2023 के पत्र द्वारा जारी किए गए हैं।

iii. आईएएस (अध्ययन छुट्टी) विनियम, 1960 के विनियम 9 के अधीन अध्ययन छुट्टी लेने के लिए भरे जाने वाला संशोधित वचन पत्र (बांड) तथा अध्ययन के दौरान आचरण संबंधी दिशा-निर्देश 07 जून, 2023 के पत्र के माध्यम से जारी किए गए हैं।

iv. वर्तमान में, केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत निम्नलिखित पद रिक्त हैं -

- अपर सचिव के 10 पद

- संयुक्त सचिव के 36 पद और
- उप सचिव (डीएस)/निदेशक के 60 पद

## II. प्रशिक्षण और क्षमता विकास

(क) सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) ने माह जून, 2023 के दौरान तीन (03) ऑनलाइन कैलेण्डर प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ग्यारह (11) सीएसएस/सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रमों और एक (01) दक्षता कार्यक्रम का आयोजन किया। कुल 405 उम्मीदवारों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

(ख) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (लबासना) ने माह जून, 2023 के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया:-

(i) चरण-IV (8 जून से 2 जून, 2023 तक) के आईएएस अधिकारियों के लिए मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम। इस कार्यक्रम में 68 अधिकारियों ने भाग लिया था।

(ii) चरण-III (22 जून से 16 जून, 2023 तक) के आईएएस अधिकारियों के लिए मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम। इस कार्यक्रम में 182 अधिकारियों ने भाग लिया था।

(iii) संयुक्त सिविल सेना प्रशिक्षण कार्यक्रम (31 जून से 16 जून, 2023 तक)। इस कार्यक्रम में 67 अधिकारियों ने भाग लिया था।

(ग) क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित कार्यकलाप आयोजित किए है:

i. क्षमता विकास आयोग ने 11 जून, 2023 को अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एव कन्वेंशन केंद्र, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में प्रथम राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। अन्य गणमान्यों के साथ-साथ माननीय राज्यमंत्री (कार्मिक), माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, डीओपीटी के सचिव, भारत सरकार के सचिव इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

ii. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) के लिए दिनांक 27.06.2023 को 'वार्षिक क्षमता विकास योजना के कार्यान्वयन' पर कार्यशाला का आयोजन किया। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) के माननीय मंत्री, माननीय राज्यमंत्री और सचिव द्वारा इस कार्यशाला की अध्यक्षता की गई, तथा इसमें मंत्रालय के अधिकारी, केंद्र एवं राज्य वन प्रशिक्षण संस्थान, वैज्ञानिक और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हुए।

iii. सीबीसी ने माह के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के लिए 'वार्षिक क्षमता विकास योजना' (एसीबीपी) पर प्रस्तुति (प्रेजेंटेशन) दिया।

iv. क्षमता विकास आयोग द्वारा राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में भारत सरकार के अधिकारियों के लिए चैटजीपीटी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण, संवादात्मक एआई और दिन-प्रतिदिन के व्यवहारिक आवेदनों में चैटजीपीटी की क्षमताओं का पता लगाते हुए इसकी जटिलताओं पर विचार किया।

v. डॉ. आर बालासुब्रमण्यम, सदस्य, एचआर के नेतृत्व में क्षमता विकास आयोग की टीम ने मेघालय राज्य का दौरा किया। मेघालय सरकार और सीबीसी नागरिक केंद्रित शासन सुनिश्चित करने और बदले में नागरिकों के लिए जीवन जीने में आसानी को बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर राज्य क्षमता विकसित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। राज्य में क्षमता विकास की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से शुरू करने के लिए मेघालय सरकार और सीबीसी के बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए।

## III. स्थापना संबंधी मामले

(i) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के बीच प्रबंधकीय कर्मियों की गतिशीलता संबंधी दिनांक 3 मार्च, 1987 के संकल्प संख्या 27(21)-ईओ/86(सीसी) को दिनांक 20.06.2023 के संकल्प संख्या 44011/2(एस)/2022- स्था.(बी-II) के माध्यम से संशोधित किया गया है।

(ii) दिनांक 23.06.2023 के का.ज्ञा. संख्या 11013/13/2023-कार्मिक नीति ए-III द्वारा विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों द्वारा सभी सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) के कार्यान्वयन के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे।

(iii) संघ लोक सेवा आयोग ने माह जून, 2023 में संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव स्तर पर 06 मंत्रालय/विभाग में 17 पदों हेतु विज्ञापन दिया।

(iv) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने माह के दौरान निम्नलिखित परीक्षाएं आयोजित कीं-

क. दिनांक 26.06.2023 को संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय परीक्षा, 2022 का टियर-II 40,224 उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित किया गया।

ख. दिनांक 20.06.2023 को कंप्यूटर आधारित मोड में मल्टी टास्किंग (गैर-तकनीकी) स्टाफ और हवलदार (सीबीआईसी और सीबीएन) परीक्षा, 2022। यह 2023 में आयोग द्वारा आयोजित सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक थी, जिसमें 54,28,630 पंजीकृत उम्मीदवार थे।

ग. लद्दाख (यूटी प्रशासन) के लिए चयन पद परीक्षा के साथ चयन पद परीक्षा, 2023 का चरण-XI दिनांक 27.06.2023 से 30.06.2023 तक 7,64,201 उम्मीदवारों के लिए आयोजित किया गया।

(v) एसएससी ने निम्नलिखित परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए:-

- 20.06.2023 को अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017 का अंतिम परिणाम।
- 30.06.2023 को पीईटी/पीएसटी का परिणाम, जिसमें 1,46,292 (1,31,848 पुरुष और 14,444 महिलाएं) उम्मीदवारों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), एसएसएफ में कांस्टेबल (जीडी), असम राइफल्स में राइफलमैन (जीडी) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही परीक्षा, 2022 के माध्यम से भर्ती के लिए विस्तृत चिकित्सा परीक्षा (एमई) के लिए योग्य घोषित किया गया था।

(vi) कर्मचारी चयन आयोग ने 30.06.2023 को अपनी वेबसाइट पर मल्टी-टास्किंग (गैर-तकनीकी) स्टाफ, और हवलदार (सीबीआईसी और सीबीएन) परीक्षा, 2023 के लिए आवेदन आमंत्रित करते हुए नोटिस प्रकाशित किया है।

## IV. सतर्कता एवं अन्य संबंधित मामले

(क) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के संबंध में--

i दिनांक 31.05.2023 तक की स्थिति के अनुसार, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों के पास तीन महीने से अधिक समय से 461 व्यक्तियों से जुड़े 123 मामलों में अभियोजन की मंजूरी लंबित थी।

ii माह के दौरान, 82 लोक शिकायतों में से 33 का निपटान किया जा चुका है और शेष 49 लोक शिकायतों का उचित रूप से निपटान किया जा रहा है।

(ख) विभिन्न उद्देश्यों यथा अंतर-संवर्गीय प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, भारत से बाहर-अध्ययन छुट्टी आदि के लिए 33 आईएएस अधिकारियों के संबंध में सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

(ग) अपर सचिव के लिए पैनलीकरण हेतु 12 आईएएस अधिकारियों के संबंध में सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

(घ) संयुक्त सचिव के लिए पैनलीकरण हेतु 04 आईएएस अधिकारियों के संबंध में सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

(ङ) लोकसभा सचिवालय से 01 विशेषाधिकार नोटिस प्राप्त हुआ और 01 का निपटान किया गया।

## V. "मिशन भर्ती - सरकार में 10 लाख भर्तियाँ" के लिए 13 जून 2023 को रोज़गार मेला

रोज़गार मेला देश में रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की माननीय प्रधान मंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला से यह आशा है कि यह आगे और रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

रोज़गार मेले का छठा कार्यक्रम 13 जून, 2023 को देश भर में 43 स्थानों पर आयोजित किया गया। लगभग 70,000 नव नियुक्त कर्मियों को विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के साथ-साथ उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में शामिल किया गया।

## VI. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के चिंतन शिविर की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई की स्थिति

i. सीएसओआई ऑडिटॉरियम, विनय मार्ग, नई दिल्ली में दिनांक 08.06.2023 को एक चिंतन वार्ता (टॉक) का आयोजन किया गया था, जिसमें फोकस समूहों (दिनांक 17-18 फरवरी, 2023 को चिंतन शिविर के दौरान गठित) की सिफारिशों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई।

ii. श्री अमरजीत सिन्हा, आईएएस, सदस्य, पीईएसबी ने इस विषय "भारत की सदी, यदि... " पर एक विशेष वक्तव्य दिया।

iii. आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफार्म पर सबसे अधिक संख्या में ई-लर्निंग पाठ्यक्रम का प्रयोग करने वाले इस विभाग के पांच अधिकारियों का सम्मान किया गया।

iv. चिंतन वार्ता के दौरान कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा विभिन्न मंत्रालयों द्वारा अधिशेष (सरप्लस) घोषित किए गए कार्मिकों के प्रबंधन हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर "रिडिप्लॉयमेंट एंड सरप्लस मैनेजमेंट सिस्टम (आरएसएमएस)" का शुभारंभ किया गया।

## VII. कल्याण मामले

सीसीएससीएसबी ने 15 मई 2023 से 14 जून 2023 तक ग्रीष्मकालीन कोचिंग शिविर का आयोजन किया। 8 से 16 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राओं के लिए योग, क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल और आत्मरक्षा का आयोजन किया गया। ग्रीष्मकालीन शिविर में 140 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## IX. सीएसएस/सीएसएसएस संवर्गों में पदोन्नति

माह के दौरान, सचिवालय सेवाओं (सीएसएस/सीएसएसएस) के विभिन्न ग्रेडों में 2,500 से अधिक पदोन्नतियां की गईं। सभी पदोन्नतियाँ ई-एचआरएमएस 2.0 पोर्टल पर अब तकनीकी रूप से समर्थ हैं और पदोन्नति आदेश मासिक आधार पर जारी किए जा रहे हैं।